हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 12 मई 2025

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

13 बेकाबू यातायात पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं बाजार...



14 हथबंद स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की बहाली ...





## खबर संक्षेप



### 10 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम डमरू स्थित गांधी सागर तालाब पार क्षेत्र में घेराबंदी कर एक शराब कोचिया को 10 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जप्त शराब की अनुमानित कीमत 2 हजार रूपए बताई जा रही है। दिनांक 11 मई 2025 को की गई इस कार्रवाई में आरोपी डहरू राम रात्रे (60) को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है। सिटी कोतवाली पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब विक्रेताओं पर लगाम लगाने की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

### मनवा कुर्मी समाज की बैठक होगी आज

**खरोरा ।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज - तिल्दा राज की प्रकरण बैठक आगामी 12 मई, सोमवार को खरोरा नगर में आयोजित की जा रही है। यह बैठक समाज के राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा की अध्यक्षता में तथा क्षेत्रप्रधान धनेश वर्मा (खरोरा) और नगर इकाई अध्यक्ष पुनीत वर्मा (खरोरा) की मेजबानी में संपन्न होगी। बैठक में समाज से संबंधित महत्वपूर्ण प्रकरणों एवं विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह आयोजन मंगल भवन, नगर इकाई खरोरा (पुराना थाना के सामने) में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** महिला से मारपीट करने वाले तीन लोगों के खिलाफ पटेवा थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया अरविंदर कौर निवासी झलप ने बताया कि 9 मई की रात करीब 11 बजे बच्चे को सुलाने की बात पर उसका अपने पति मनदीप सिंग खनूजा विवाद हो रहा था। इसी दौरान उसके ससुर कुलवंत सिंग खनूजा, जेठ लक्की खनूजा, देवर करण खनूजा एक राय होकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## अनदेखी : प्रशासन मौन, माफिया बेलगाम, कसडोल में नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

# सरेआम ठेकेदार कर रहे महानदी का सीना छलनी, नंदनिया रेत घाट पर हो रहा उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कसडोल विकासखंड के ग्राम नंदनिया रेत घाट महानदी के समीप है जहाँ पर मशीनों से दिन-रात रेत का अवैध खनन कर रोजाना हाईवा से परिवहन किया जा रहा है। लोगों की माने तो ठेकेदार और खनिज विभाग की मिलीभगत से जीवन दायिनी महानदी का गला घोंटा जा रहा है।

नदियों के वास्तविक स्वरूप को बनाए रखने के लिए पर्यावरण विभाग ने रेत खदान में चैन माउंटेन, पोकलेन और जेसीबी जैसी हैवी मशीनों को उतारने पर प्रतिबंध लगा रखा है और रेत खदानों मे लोडिंग अनलोडिंग का मैनुएल होना हैं पर ठेकेदार चैन माउंटेन मशीन से न केवल रेत का खनन करते हैं, बल्कि नदी के किनारों को काटकर बीच में बड़े-बड़े रपटा बनाकर नदी का स्वरूप बिगाड़ रहे हैं।

### यह कहता है नियम

यदि सिया और डिया के नियमों पर गौर करें तो शाम 6 बजे के बाद किसी भी तरह का उत्खनन सहित परिवहन नही किया जा सकता है सभी प्रकार की वाहनों में त्रिपाल से वाहन ढका होना चाहिए और अपने क्षेत्र अंतर्गत ही उत्खनन किया जाना चाहिए। लेकिन यहाँ पर खनिज विभाग की सह पर डंके की चोट में नियमो की धज्जिया ठेकेदार द्वारा उड़ाया जा रहा है।

### भाजपा नेता की चेतावनी - जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो एनजीटी जाएंगे









#### नियम विरुद्ध उत्खनन पर की जाएगी कार्रवाई

बिना रॉयल्टी वाहनों पर समय समय पर कार्रवाई किया जाता है, अभी दो तीन दिन पहले ही हाईवा पकड़ा था। कल भी हमने कुशगढ़ में पकड़ा है, बिना रॉयल्टी वाहनों पर कार्रवाई के लिए तहसीलदार साहब को बोलता हूँ सुशासन तिहार चल रहा है, इसलिए सब अधिकारी कार्यक्रम में बिजी थे। बिना रॉयल्टी और नियम विरुद्ध उत्खनन पर कार्रवाई किया जायेगा।

**-रामरतन दुबे**
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कसडोल

#### जांच कर कार्रवाई करेंगे

अभी पिछले सप्ताह ही हमने लीज क्षेत्र से बाहर काम कर रहा था उसको सिल किए हुए है, उनका भंडारण का लाइसेंस स्वीकृत है, लेकिन अनुबंध निष्पादन नहीं हुआ है और यदि नियम विरूद्ध मशीन लगाकर लीज क्षेत्र से बाहर उत्खनन किया जा रहा है, तो फिर से जांच कर कार्रवाई करेंगे।

**-कुंदन बंजारे**, खनिज अधिकारी, बलौदाबाजार

#### अंधाधुंध उत्खनन रातभर जारी

दिन में उक्त ठेकेदार द्वारा खुलेआम चैन माउंटेन मशीन का उपयोग तो किया ही जा रहा है लेकिन रात के अंधेरे में भी उक्त चैन माउंटेन से अंधाधुंध उत्खनन की जाती है जहाँ आज शासन को गुमराह करते हुय इन ठेकेदारों ने राजस्व की छती पहुंचा रहे है, रात के अंधेरे मे अवैध कारोबार की जानकारी के मुताबिक सैकड़ों हाईवा रात में सड़क के परखच्चे उडाते हुये निकलती है सूत्रों का कहना है कि स्थानिय स्तर पर माफिया का मैनेजमेंट पुलिस और अन्य विभाग से होने के चलते धड़ल्ले से फल फूल रहा है।

#### दर्ज हो अवैध उत्खनन का प्रकरण

भाजपा मंडल कसडोल के अध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि पर्यावरण की शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर रेत माफियाओं के खिलाफ रेत के अवैध खनन और परिवहन का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। इसके अलावा खदान की अनुमति भी पर्यावरण के हितों को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए इसके अलावा इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच भी होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हो। उन्होंने जिलाध्यक्ष दीपक सोनी से इस मामले में संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की मांग की है साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर प्रशासन ने नंदनिया रेत खदान के मामले में कोई ठोस कदम जल्द ही नहीं उठाया तो वह एनजीटी के अलावा मुख्यमंत्री के पास शिकायत करेंगे।

## मनरेगा से बना कुआं बना किसानों के लिए सिंचाई का स्थायी साधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कुंआ निर्माण ने किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। तहसील लवन के ग्राम मुंडा की निवासी किसान लक्ष्मी बाई ने बताया कि मनरेगा योजना से उनके खेत में बने कुंए ने उनकी सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान कर दिया है।

पहले उनकी खेती पूरी तरह वर्षा जल पर निर्भर थी, जिससे पांच एकड़ जमीन में प्रति वर्ष केवल 35–39 क्विंटल धान की पैदावार होती थी। सीमित उत्पादन से परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन था। ग्राम के सरपंच ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए लक्ष्मी बाई को मनरेगा योजना के तहत कुंआ निर्माण कराने की सलाह दी। योजना के अंतर्गत 2 लाख 70 हजार रुपये की स्वीकृति मिली और खेत में कुंआ बनवाया गया।

- धान और सब्जी की खेती करने वाले किसान खुश

अब इस कुंए से नियमित सिंचाई संभव हो सकी है और धान की पैदावार बढ़कर 50–55 क्विंटल हो गई है। साथ ही, सब्जी की खेती भी प्रारंभ कर दी गई है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सशक्त हुई है। पेयजल के लिए भी अब परिवार को दूर नहीं जाना पड़ता। लक्ष्मी बाई ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत कुंआ निर्माण हमारे लिए वरदान साबित हुआ है। अब हम आत्मनिर्भर और खुशहाल जीवन जी रहे हैं। ये उदाहरण बताता है कि यदि योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो, तो ग्रामीण भारत के किसान भी समृद्धि की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

## यातायात नियमों की शिक्षा और हेलमेट वितरण कर नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिलेभर में सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु हेलमेट वितरण कर नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

इन कार्यक्रमों का आयोजन पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में किया जा रहा है। शिविरों में न केवल यातायात नियमों के पालन के महत्व को रेखांकित किया जा रहा है, बल्कि लोगों को जिला पुलिस द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान सेल के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी जा रही है।



#### सामाजिक सहभागिता से बनेगा सुरक्षित परिवेश

इन शिविरों में पुलिस की टीम आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ सामाजिक सहयोग की भावना भी जगा रही है। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि आम नागरिक स्वयं जागरूक होकर अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

#### समाधान सेल: एक त्वरित शिकायत निवारण प्रणाली

सुशासन तिहार शिविरों में आमजनों को बताया जा रहा है कि यदि उन्हें कोई शिकायत, समस्या या अपराधिक गतिविधि की जानकारी हो, तो वे उसे समाधान हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पर व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से साझा कर सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में समाधान सेल का मुख्य उद्देश्य लोगों को न्याय और सुरक्षा की तत्काल सुविधा प्रदान करना बताया गया। शिविरों के दौरान पाम्पलेट वितरण, व्यक्तिगत संवाद और प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से नागरिकों को इस सेवा से जुड़ने हेतु निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।




## छात्रों ने एआई शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ग्रीष्मकालीन शिविर, छात्रों ने सीखे एआई के मूलभूत सिद्धांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री बीडी साजेस हायर सेकेंडरी स्कूल, खरौरा के छात्रों को क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, रायपुर द्वारा आयोजित चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। यह शिविर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित था, जिसे आईआईटी भिलाई के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया गया।

श्रेया देवांगन, नेतृत्वा निषाद, वेद कुमार पटेल, पल्लवी सोनकर एवं यशवंत देवांगन — भौतिकी प्रवक्ता पारुल पांडेय के साथ इस शिविर में भाग लिया। यह संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज एवं हरीश कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।





पहले दिन में शिविर की शुरुआत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इतिहास, विकास और वास्तविक जीवन में उसके अनुप्रयोगों की जानकारी से हुई। प्रतिभागियों ने इमेज प्रोसेसिंग, इमेज रिप्रेजेंटेशन और कन्वोल्यूशन तकनीकों की मूल बातें सीखीं। दूसरे दिन में इस दिन नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) पर केंद्रित सत्र आयोजित हुआ। छात्रों ने नेम्ड एंटिटी रिकग्निशन (एनईआर) की अवधारणा सीखी और पायथन प्रोग्रामिंग के माध्यम से इसका बुनियादी कार्यान्वयन किया। तीसरे दिन में छात्रों ने एआई के सुरक्षा पहलुओं और कन्वोल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क के बारे में जाना। व्यावहारिक सत्र में उन्होंने सीएनएन ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

रायपुर। गोलबाजार पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया गायत्री सोनी निवासी राजीव आवास रायपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी पीयूष बघेल एवं मुकेश उर्फ मुक्कू नायक ने चाकू से उसे डराते हुए उससे गाली-गलौज की। पुलिस ने इसके बाद पीयूष और मुक्कू को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। आरोपियों में पीयूष गोलबाजार का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है, जिसके विरुद्ध थाने में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, बलवा, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट के तहत आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। महिला पर जानलेवा हमला करने वाले दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौलीमाता मंदिर के पास रहने वाली प्रार्थिया शीतल तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 मई को वह दोपहर के समय अपने परिवार के साथ घर के बरामदे में बैठी थी। इसी दौरान भुवन हरपाल निवासी पटेल चौक एवं पंकज कोहड़े निवासी नंदी चौक टिकरापारा अपने एक अन्य साथी के साथ वहां पहुंचा और उसके घर के दरवाजा को लात से मारकर जबरदस्ती बरामदे में घुस आए तथा शीतल के बड़े बेटे को जान से मारने की धमकी दी। उसके बेटे ने जब उन्हें घर से बाहर निकलने के लिए कहा तो इस बात पर झगड़ा करते हुए आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और चाकू से उस पर हमला कर दिया। इससे उसे चोट आई है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए, जिनमें से दो आरोपियों को धारा 109(2), 3(5), 333, 238, 111 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चाकू भी बरामद किया है। आरोपियों का तीसरा साथी अभी फरार है।

### कार चालक के विरुद्ध महिला ने दर्ज कराया केस

रायपुर। एक कार चालक की लापरवाही से एक दोपहिया वाहन सवार महिला गिरकर घायल हो गई। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थिया नौरीन निशा निवासी रहमानिया चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पचपेड़ी नाका के पास एक कार सड़क पर खड़ी थी। इस समय नौरीन अपनी स्कूटी से जा रही थी। जैसे ही वह कार के नजदीक पहुंची, तभी उसके चालक ने अचानक कार का दरवाजा खोल दिया, जिससे वह उससे टकराकर गिर गई। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में कार चालक के विरुद्ध धारा 281, 125 ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# रेलवे स्टेशन में बढ़ी सुरक्षा, मशीन व डॉग स्क्वाड से हर यात्री और सामान की हो रही जांच

## भारत-पाक सीमा पर तनाव के बीच स्टेशनों और ट्रेनों में आरपीएफ हुई सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत-पाक सीमा पर तनाव के बीच राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। स्टेशन में आने-जाने वाले यात्रियों और पार्सल के जरिए पहुंचने वाले सामान की गहन जांच की जा रही है।

सुरक्षा एजेंसियां मेटल डिटेक्टर, स्कैनिंग मशीन और डॉग स्क्वाड की मदद से हर यात्री के सामान की जांच कर रही हैं। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक एस. दत्ता ने बताया कि युद्ध समाप्ति के बाद भी रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जारी रहेंगे। प्लेटफॉर्म पर तैनात जवान और सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ की जा रही है और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है।

बता दें कि रायपुर रेलवे स्टेशन में दिनभर में 50 हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। अलर्ट होने के बाद दिनभर में स्टेशनों में जांच अभियान जारी है।

### लंबी दूरी की ट्रेनों में बढ़ाई गई सुरक्षा

रायपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सख्त कर दी गई है। स्टेशन में कुल चार प्रवेश द्वार हैं, जहां से कोई भी आसानी से अंदर जा सकता है। इसे देखते हुए अब हर यात्री के सामान की मशीन और डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच की जा रही है। प्लेटफॉर्म से लेकर वेटिंग हॉल तक आरपीएफ सतर्क नजर आ रही है। शनिवार को भी दिनभर आरपीएफ के जवान स्टेशन के अलग-अलग हिस्सों में जांच करते दिखे। लंबी दूरी की ट्रेनों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।




### नियमित चलेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

मौजूदा सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते रेल बोर्ड नई दिल्ली के द्वारा पंजाब राज्य में जाने वाली कुल 28 ट्रेनों को बीच रास्ते में समाप्त करने की घोषणा की थी, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को भी 10, 11 एवं 12 मई तक मेरठ स्टेशन में समाप्त करने आदेश जारी हुआ था, लेकिन 2 घंटे के बाद ही रेलवे बोर्ड से ट्रेन के नियमित परिचालन की सूचना दी है।

# 7 जगह स्मार्ट रोड बनाने 32 करोड़ फूंके पाथवे पर अवैध पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

## ठेला-गुमटियों से चलना दूभर



शहर की 7 प्रमुख सड़कों को स्मार्ट रोड बनाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 32 करोड़ खर्च कर सड़क चौड़ीकरण, बिजली तारों को भूमिगत करने, अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम और डिवाइडर निर्माण कराने के साथ ही पैदल चलने वालों के लिए पाथवे निर्माण कराया, पर तीन साल में ही पैदल चलने वालों के लिए बनाये गए पाथवे गाड़ियों की अवैध पार्किंग का ठिकाना बन गए हैं। ठेले -गुमटी वालों ने सड़क घेरकर दुकानदारी शुरू कर दी है। चाहे आमापारा चौक से लाखे नगर मार्ग की सड़क हो या निगम मुख्यालय से बूढ़ापारा वाली स्मार्ट रोड का भी कमोबेश यही हाल है। जनता रोज करोड़ों खर्च कर बनाये गये स्मार्ट रोड में ट्रैफिक जाम से पिस रही है। वहीं निगम प्रशासन और ट्रैफिक महकमा ने इस ओर आंखें फेर ली है। जनता की समझ ये नहीं आ रहा है कि स्मार्ट रोड किसके लिए और क्यों बनाई गयी?

- रायपुर स्मार्ट सिटी का प्रोजेक्ट, करोड़ों खर्च, फिर भी कम नहीं हुई परेशानी

**केस 1**

### बूढ़ापारा चौक से निगम मुख्यालय होते बूढ़ेश्वर मंदिर चौक मार्ग

बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से निगम मुख्यालय होते हुए बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक स्मार्ट रोड विकसित किया गया है, ताकि पैदल चलने वालों को सुगम पाथवे और दोपहिया, तिपहिया चारपहिया वालों को चौड़ी सड़क मिल सके। बिजली के तारों को अंडरग्राउंड कर डिवाइडर बनाया गया। नए स्ट्रीट पोल लगाये गये, पर निगम मुख्यालय के सामने मुख्य मार्ग की सड़क पर गाड़ियों की अवैध पार्किंग और सड़क घेरकर ठेले-गुमटी लगाने से सड़क सकरी हो चली है। धरना स्थल वाली सड़क के दोनों ओर की फुटपाथ चलने लायक नहीं बचा। स्मार्ट रोड से यहां किसको फायदा हुआ यह समझ से परे है। अलबत्ता 2 करोड़ रुपये इसमें फूंक दिये गये।

**केस 2**

### आमापारा से लाखेनगर मार्ग

आमापारा बाजार चौक से लाखे नगर होते हुए आरकेसी तक के मार्ग को 10 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च कर स्मार्ट रोड बनाया गया। रंगरोगन, सौंदर्यीकरण और डिवाइडर के साथ मार्ग में आकर्षक लाइट लगाये गये। सड़क चौड़ीकरण होने से एक हद तक लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिली, पर सड़क के दोनों ओर अवैध ठेले-गुमटी, शेड लगाकर सड़क घेरने से लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। व्यावसायिक परिसर के सामने ग्राहकों और दुकादारों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं। सारथी चौक के पास शाम होते ही जाम लगने से लोग परेशान रहते हैं। सड़क चौड़ीकरण का फायदा जनता को नहीं मिल पा रहा है।

**केस 3**

### मोतीबाग चौक से ओसीएम चौक तक की सड़क बेहाल

मोतीबाग चौक से शास्त्री चौक आने जाने वालों को ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने सड़क चौड़ीकरण कर डिवाइडर निर्माण कराया गया। बिजली के झूलते तारों को भूमिगत कर ड्रेनेज सिस्टम सुधारते हुए सुव्यवस्थित रूप दिया गया। इस मार्ग में स्मार्ट सड़क बनने से लोगों को सुभाष स्टेडियम मार्ग से सीधे शास्त्री बाजार आने-जाने बायपास सड़क मिली। इसे स्मार्ट रोड का स्वरूप दिया गया। उस सड़क के दोनों ओर अवैध पार्किंग कर चारपहिया, तिपहिया वाहन धड़ल्ले से खड़े किये जा रहे हैं। यही नहीं, दुकानदार सड़क घेरकर अपनी गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं। सकरी सड़क में शाम होते ही ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है।

# गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने चैंबर ने की पहल, पानी की व्यवस्था करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स शहर में आम आदमी को राहत पहुंचाने शीतल पेयजल की व्यवस्था करेगा। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने सभी संगठनों से आग्रह किया है, प्याउघर के लिए जगह चिन्हांकित करें, जितने पानी की जरूरत होगी, चैंबर उसकी व्यवस्था करेगा।

- अध्यक्ष सतीश थौरानी ने संगठनों से किया आग्रह पुण्य के कार्य में करें सहयोग

व्यापारियों को संगठन स्तर पर मजबूती देने के साथ ही चैंबर अब सामाजिक कार्यों में भी सहभागी बनने पहल कर रहा है। गर्मी के सीजन में राहगीरों की प्यास बुझाने विभिन्न संगठनों से अपने -अपने क्षेत्र में जगह चयनित कर प्याऊ खोलने और पानी पिलाने की जिम्मेदारी उठाने आग्रह किया है।

चैंबर के शपथ ग्रहण के समारोह के कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शहर के सभी व्यापारियों से भी अपील की थी कि जल ही जीवन है और ये बहुत पुण्य का कार्य है, इसलिए रोजाना पानी पिलाने के कार्य की जिम्मेदारी लें। इसी कड़ी में आज आलू प्याज व्यापारी संगठन टिंबर एसोसियेशन एवं सराफा एसोसिएशन ने प्याऊघर की शुरुआत की। इसका उद्घाटन चैंबर के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने किया।

श्री थौरानी के नेतृत्व में चैंबर ने शनिवार को तीन स्थानों भनपुरी शीतल ट्रेडर्स, रायपुर आलू प्याज आढ़तिया संघ नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर प्लाईवुड एसोसिएशन देवेंद्र नगर, सदर बाजार रायपुर सराफा एसोसिएशन के सहयोग से प्याऊ घर शुरू किए हैं।

इस अवसर पर जितेंद्र दोशी,रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली, सचिव दीपचंद कोटड़िया,चैंबर के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश वासवानी ,राधाकृष्ण सुंदरानी, कपिल दोशी, सुदेश मध्यान, चैंबर रायपुर जिला उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

# मधु अरोरा बनी कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष



रायपुर। मधु अरोरा कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। उनके नाम का प्रस्ताव कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने महिला अध्यक्ष के लिए प्रस्तुत किया, जिसे बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से समर्थन करते हुए उन्हें महिला प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने संयुक्त रूप से कैट के प्रदेश कार्यालय में गत दिनों एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसमें आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी को नई प्रदेश महिला कार्यकारिणी गठन के लिए अधिकृत किया गया था। श्री पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने मधु अरोरा के नाम का प्रस्ताव प्रदेश महिला अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया।

# नंदनवन रेस्क्यू सेंटर में उम्रदराज बीमार तेंदुआ की मौत



रायपुर। नंदनवन रेस्क्यू सेंटर में गंभीर रूप से बीमार, अशक्त चार तेंदुआ तथा एक लकड़बग्घे को बंधक बनाकर रखने के आरोप में बवाल होने के बीच एक 16 वर्ष के नरसिम्हा नामक तेंदुआ की लंबी बीमारी के बाद शनिवार को मौत हो गई। गाल में ट्यूमर होने की वजह से तेंदुआ ने खाना पीना छोड़ दिया था। तेंदुआ का उपचार तीन अलग-अलग डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जा रहा था।

- गाल में ट्यूमर होने से हुई मौत

नंदनवन में जिस तेंदुआ की मौत हुई है, उसे बालोद वन परिक्षेत्र से वर्ष 2014 में रेस्क्यू कर लाया गया था, तब उसकी उम्र पांच से छह साल की थी। तेंदुआ के दोनों आंख में ग्लूकोमा होने के साथ उसके केनाइन दांत टूटे हुए थे। इस वजह से तेंदुआ को उसके प्राकृतिक रहवास में छोड़े जाने के बजाय नंदनवन रेस्क्यू सेंटर में रखा गया था। विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक तेंदुआ के दाहिने ऊपरी गाल में ट्यूमर था, जिसका दो महीने से उपचार किया जा रहा था। ट्यूमर बढ़ने की वजह से तेंदुआ को भोजन, पानी और दवाओं के सेवन में कठिनाई होने लगी थी। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया निदेशक एवं तीन पशु चिकित्सकों की उपस्थिति में की गई।

# बैज ने की मांग,18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार 18 लाख आवास स्वीकृत होने का झूठा दावा करती है, जबकि सच्चाई यह है कि साय सरकार ने गरीबों को आवास देने के नाम पर धोखाधड़ी की है। जो भी आवास बने हैं और जो बन रहे हैं वो कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है, तो स्वीकृत आवास हीनों के नाम सार्वजनिक किए जाएं।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भाजपा सरकार भ्रम फैला रही है। विधानसभा चुनाव में वादा किये थे 18 लाख आवासहीनों को आवास देंगे, अब दावा कर रहे हैं 8 लाख आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली गयी है।

हकीकत यह है कि सरकार के पास अभी तक पात्र हितग्राहियों की न सूची है और न संख्या, जिन लोगों के खाते में पहली किस्त डालने का दावा कर रहे हैं, उन सभी के खाते में पहली किस्त तो कांग्रेस की सरकार ने अक्टूबर में ही जारी कर दी है। भाजपा सरकार में साहस है, तो जिन लोगों के खाते में पैसा डालने का दावा कर रहे हैं, उनकी सूची सार्वजनिक की जाए।

# बदलते मौसम में बीमारी का खतरा ज्यादा, लंबी कोशिश के बाद नियंत्रित हुआ बेंद्री का डायरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदलते मौसम और खानपान में लापरवाही से बीमारी का खतरा ज्यादा है। लंबी कोशिशों के बाद बेंद्री में फैले डायरिया को नियंत्रित कर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की जांच में यह बात भी सामने आई है कि डायरिया प्रभावित गांव में एक विवाह समारोह के दौरान बकरा पार्टी भी हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने गर्मी के मौसम में मैदानी अमले के ग्रामीण इलाकों में डायरिया जैसी शिकायतों को लेकर ज्यादा नजर रखने निर्देशित किया है।

- अस्पतालों में अब तीन से चार प्रभावितों का इलाज, गांव में हुई थी बकरा पार्टी



सबसे पहले माना के टेमरी में उल्टी-दस्त का प्रकोप हुआ था। वहां सौ से अधिक लोग पीड़ित हुए थे जिसकी वजह वहां के बोरवेल से निकलने वाले बैक्टीरिया युक्त पानी को माना गया था। गांव में होने वाली शादी के दौरान दूषित पानी का उपयोग किए जाने की बात सामने आई थी। काफी दिनों के शिविर के बाद वहां लोगों को राहत मिली। इसके बाद अभनपुर के बेंद्री गांव में डायरिया ने पांव पसारा, शुरुआती दौर में दूषित जल को इसका कारण माना गया था। बाद में यह भी तथ्य सामने आया था कि जिनकी तबीयत खराब हुई थी वे गांव में हुई शादी के दौरान बकरा भोज में शामिल हुए थे। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की टीम के मशक्कत के बाद बेंद्री में डायरिया की शिकायत अब कम हो गई है। वहां के सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में उल्टी-दस्त के शिकायत पर भर्ती मरीजों की संख्या तीन से चार में सिमट गई है। इसके अलावा नये मरीज भी अब इक्का-दुक्का ही सामने आ रहे हैं।

### महिला की मौत मगर डायरिया की पुष्टि नहीं

सूत्रों के अनुसार बेंद्री में विवाह समारोह में शामिल होने आई एक महिला की मौत हो गई थी। महिला को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी जिसके बाद उसे निजी अस्पताल में दाखिल किया गया था। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अफसरों का दावा है कि डायरिया से संबंधित शिकायत का समाधान हो चुका था। उसे श्वांस संबंधित शिकायत हुई थी जिसके बाद उसे अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल किया गया था।

### पेट में ऐंठन की शिकायत ज्यादा

चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के इस मौसम में लोगों को पेट से संबंधित तकलीफ ज्यादा होती है। बदहजमी के साथ पेट में मरोड़ की शिकायत लेकर काफी संख्या में मरीज अस्पताल तक पहुंच रहे हैं। अभी लू संबंधी शिकायत खत्म हो गई है मगर पेट खराब होने की परेशानी के साथ मरीज अस्पतालों तक पहुंच रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि वर्तमान में खानपान को लेकर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। खासकर बासी अथवा खुले में रखे खाद्य पदार्थों के उपयोग से बचना चाहिए।

### राजभवन में धर्मसभा, सभी धर्मों के प्रतिनिधि हुए शामिल

रायपुर। वर्तमान में चल रहे तनावपूर्ण परिस्थिति में सभी धर्मों, समाजों एवं सम्प्रदायों के बीच शांति, सौहार्द्र एवं एकजुटता के उद्देश्य से शुक्रवार को राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में सर्वधर्म सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति केवल सीमाओं पर युद्ध की चुनौती नहीं है बल्कि यह हमारे समाज की एकजुटता, हमारी संस्कृति की सहिष्णुता और हमारे नागरिकों की जागरूकता की परीक्षा भी है। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज में संयम, शांति और सद्भाव को बनाए रखें। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश सत्य, अहिंसा और शांति का पुजारी है। आज के इस बैठक में सभी धर्म के प्रतिनिधियों ने एकता का संकल्प दोहराया है। सर्वधर्म सभा में जैन समाज के चंद्रेश शाह, शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, ब्रह्माकुमारी शांति सरोवर की सविता बहन आदि शामिल हुए।

## राज्य में अब तक 40 लाख 95 हजार आवेदन, निराकरण करने में लगा प्रशासन

# सुशासन तिहार : आवेदनों के निराकरण में धमतरी सबसे आगे, पीएम आवास पर अधिक अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में आम जनता की शिकायतों एवं मांगों के त्वरित समाधान के लिए 'सुशासन तिहार' का आयोजन जारी है। तीसरे चरण में प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बातें सुन रहा है और उनका समाधान कर रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। वे गांवों के आकस्मिक दौरे कर रहे हैं। शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रहे हैं। जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं और समाधान शिविरों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका मौके पर निराकरण करवा रहे हैं।

सुशासन तिहार के तहत अब तक 40 लाख 95 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकतर का निराकरण कर लिया गया है। इसमें धमतरी जिला ने लगभग 2 लाख 28 हजार आवेदनों में से 99.38 प्रतिशत का निराकरण कर राज्य में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के 14 जिले धमतरी, महासमुंद, सक्ति, बालोद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा, दंतेवाडा, दुर्ग, जांजगीर-चाम्पा, नारायणपुर, बीजापुर ने 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण कर लिया है। जबकि गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलौदा बाज़ार-भाटापारा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कबीरधाम, बेमेतरा, जशपुर, कोरिया, कांकेर, सूरजपुर जिले ने 80 से 90 प्रतिशत आवेदनों का समाधान किया है। बस्तर जिले में 78.48 प्रतिशत, कोण्डागांव में 70.97 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज जिलें में 60.59 प्रतिशत, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर ने 59 प्रतिशत, कोरबा जिले ने 41.61 प्रतिशत तथा सुकमा जिले ने 30 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

सुशासन तिहार 2025

### प्रशासन को जनता के निकट लाने में सफल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य को, जनभागीदारी पर आधारित सुशासन की दिशा में आगे बढ़ा रही है। गांवों में शिविरों में पहुंचकर आम लोगों से संवाद करना, शिकायतों की तत्काल सुनवाई करना और शासकीय तंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाना, यही सुशासन तिहार की मूल भावना है। 'सुशासन तिहार' छत्तीसगढ़ शासन की एक अभिनव पहल है, जिसने प्रशासन को जनता के और निकट लाकर विश्वास, समाधान और सेवा की एक मजबूत परंपरा को जन्म दिया है।

### रायपुर को मिले सर्वाधिक आवेदन

रायपुर जिले को 3 लाख 764 आवेदन प्राप्त हुए, जो राज्य में सर्वाधिक है, इसके बाद दूसरे क्रम पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है। धमतरी, बिलासपुर और बस्तर क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवे स्थान पर हैं। निराकरण के मामले में धमतरी पहले, महासमुंद दूसरे और सक्ति जिला तीसरे स्थान पर हैं. बालोद और रायगढ़ चौथे और पांचवें क्रम पर हैं।

**पीएम आवास योजना के 10 लाख आवेदन**

सुशासन तिहार के दौरान सर्वाधिक 10 लाख से अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्राप्त हुए, जिनमें से 94.70 प्रतिशत का निराकरण हो चुका है। उज्ज्वला योजना से जुड़े 1.47 लाख और राशन कार्ड हेतु 1.12 लाख आवेदनों में से अधिकांश का समाधान कर दिया गया है। शहरी क्षेत्रों में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित मांगें भी प्रमुख रहीं।

**महिला एवं बाल विकास विभाग निराकरण में आगे**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 25 लाख 77 हजार 747 आवेदन प्राप्त हुए. राजस्व विभाग को 3 लाख 74 हजार 429, खाद्य विभाग को 2 लाख 18 हजार 113, महिला एवं बाल विकास विभाग को 1 लाख 57 हजार और नगरीय प्रशासन विभाग को 1 लाख 42 हजार 475 आवेदन प्राप्त हुए. निराकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग प्रथम, श्रम विभाग दूसरे, तथा उद्योग, पशुपालन और खाद्य विभाग क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

# कुम्हारी सीएमओ निलंबित

## डिप्टी सीएम ने लापरवाही पर जताई थी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति पर नगरीय प्रशासन विभाग ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर को निलंबित करने का आदेश जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। अपूर्ण दस्तावेजों, रिकॉर्ड संधारण और कार्यों में लापरवाही पर सीएमओ को फटकार लगाई थी। प्रधानमंत्री आवास योजना और अमृत मिशन के कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई थी। उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि कल कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण कर रिकॉर्ड की जांच की। कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर व कैशबुक रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही निर्माण कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, हमारे कार्यालय सुव्यवस्थित चलें, जन अपेक्षाओं पर खरा उतरें, कर्मचारी पूरे समय में कार्यालयीन कार्य में रहें, बिना छुट्टी के कोई अनुपस्थित ना रहें, यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### जॉब फेयर 14-15 को

**रायपुर।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 14 एवं 15 मई को कलेक्ट्रेट परिसर के निकट मल्टीलेवल पार्किंग की 5वीं मंजिल स्थित बीपीओ ऑफिस में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा आयोजित जॉब फेयर के माध्यम से टेक्नो टास्क, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि., अपोलो फार्मेसी लिमिटेड, फिनोवामेड ओरगा प्रा. लि., संता टेक्नो प्रा. लि., शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा कुल 2428 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों में 10वीं, 12वीं, स्नातक, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, मैकेनिकल इंजीनियर, फिटर, वेल्डर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, अकाउंटेंट, मशीन ऑपरेटर, हेल्पर, इलेक्ट्रिशियन, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर जैसे विभिन्न पद शामिल हैं। इन पदों के लिए इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा, आधारकार्ड की प्रति एवं शैक्षणिक व तकनीकी प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होना होगा।

### संत कंवरराम चौक का सौंदर्यीकरण पूर्ण

**रायपुर।** कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य संत कंवरराम सेवा समिति एवं युवा परिषद द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। यह जानकारी देते हुए युवा परिषद के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मध्यानी व महासचिव अजय वलेचा ने बताया कि सोमवार को रात्रि 8 बजे संतों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर 8.15 बजे महाआरती की जाएगी।

### डेढ़ साल में 21 सौ से ज्यादा पदों पर संविदा नियुक्ति

**रायपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभाग मानव संसाधन की कमियों को दूर करने का लगातार प्रयास कर रहा है। इसी दौर में जनवरी 2024 से अप्रैल 2025 यानी लगभग डेढ़ साल में 21 सौ से ज्यादा पदों पर संविदा नियुक्ति दी गई है। इसमें 88 विशेषज्ञ चिकित्सक, 432 चिकित्सा अधिकारी, 344 स्टाफ नर्स, 87 एएनएम, 75 लैब टेक्नीशियन, 279 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और 878 अन्य पदों पर भर्ती की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है।

### मासूमों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**रायपुर।** तालु कटे होने की समस्या से जूझ रहे तीन बच्चों की मुस्कान देखते ही बन रही थी जब उनका ऑपरेशन सफल हुआ। स्वास्थ्य योजना चिरायु से मानो तीन मासूमों को एक नया जीवन मिल गया। आरंग हेल्थ टीम-सी द्वारा आयोजित शिविर में डेढ़ वर्षीय दक्षिका यादव, आठ वर्षीय प्रतिभा निर्मलकर और 6 वर्षीय दुर्गा भट्ट की तालु कटे होने की समस्या पाई गई थी। तीनों बच्चों का चिरायु योजना के अंतर्गत निशुल्क ऑपरेशन किया गया, जिससे उनके चेहरे पर नई मुस्कान आई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंगनबाड़ी बैहार, प्राथमिक शाला गिधवा और प्राथमिक शाला भिलाई में आयोजित शिविर में इन बच्चों की जांच की गई थी।

पेज 11 के शेष

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ...

की सहायता से हस्तलिखित पाठ की पहचान कर डीप लर्निंग की क्षमताओं को अनुभव किया। चौथा दिन शिविर का अंतिम दिन था, जो आणविक सिमुलेशन क्विज़ प्रतियोगिता एवं प्रमाण पत्र वितरण को समर्पित रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज़ प्रतियोगिता के विजेता में नेतृत्वा निषाद की टीम ने स्वर्ण पदक, पल्लवी सोनकर की टीम ने रजत पदक और वेद कुमार पटेल की टीम ने कांस्य पदक जीता। शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह शिविर छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिसमें उन्होंने न केवल एआई की गहरी समझ विकसित की, बल्कि आवश्यक तकनीकी कौशल भी अर्जित किए, जो उनके भविष्य को और अधिक उज्ज्वल बनाएंगे।

# मां का त्याग, समर्पण और स्नेह मानव जीवन की मिसाल : राजेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

माँ शब्द में समाहित होता है त्याग, समर्पण, स्नेह और शक्ति का अद्वितीय संगम। मातृ दिवस पर प्रस्तुत है ऐसी ही एक प्रेरणादायक माँ की कहानी— राजेश्वरी गुप्ता, जिन्होंने अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर कठिनाई को आत्मविश्वास और धैर्य से पार करते हुए उन्हें सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

राजेश्वरी गुप्ता,ने बलौदाबाजार में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और आगे एम.ए. तथा बी.एड. तक शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने न केवल शिक्षा को जीवन का आधार बनाया, बल्कि अपने तीनों बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए बलिदान की पराकाष्ठा कर दी। बच्चों की शिक्षा हेतु उन्होंने वर्षों तक किराए के छोटे से कमरे में रहकर कठिन परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी।

राजेश्वरी गुप्ता वर्तमान में आर. के. जी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बलौदाबाजार में उपाध्यक्ष पद पर भी कार्यरत हैं, जहाँ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 10वीं एवं 12वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। उनका नेतृत्व और मार्गदर्शन शैक्षणिक क्षेत्र में भी सराहनीय योगदान दे रहा है।



## माँ का संकल्प बनी सफलता की सीढ़ी

### छोटा बेटा व बेटी भी पढ़ाई में अव्वल

राजेश्वरी गुप्ता की यह सफलता यहीं नहीं रुकी। उनके छोटे पुत्र ने भी नीट परीक्षा में 585 अंक प्राप्त किए और इस वर्ष पुनः प्रयास कर रहे हैं, जिससे एमबीबीएस में प्रवेश सुनिश्चित हो सके। उनकी सुपुत्री वैष्णवी गुप्ता ने भी इस वर्ष दसवीं बोर्ड परीक्षा दी है और 95% से अधिक अंक प्राप्त करने की पूरी संभावना है। इन उपलब्धियों के पीछे माँ राजेश्वरी का त्याग, समर्पण और मजबूत इच्छाशक्ति ही है, जिन्होंने मातृत्व को एक तपस्या की तरह जीया। उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए स्वयं के सभी सुखों को त्याग दिया। उनकी यह प्रेरक यात्रा हर उस माँ के लिए उदाहरण है जो अपने बच्चों के सपनों को साकार करने का संकल्प रखती हैं।

### बेटे को पहुंचाया आईआईटी

उनके बड़े पुत्र आदर्श गुप्ता की सफलता इसका जीवंत प्रमाण है। आदर्श ने दसवीं कक्षा आईसीएसई बोर्ड से 90% अंकों के साथ उत्तीर्ण की, और बारहवीं कक्षा संस्कार वैली स्कूल से पुनः 90% अंक प्राप्त किए। इसके पश्चात उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग से बी.टेक कर गेट परीक्षा उत्तीर्ण की और आईआईटी जोधपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस विषय में एम.टेक में प्रवेश लिया। उनका **GPA** 8.81 रहा। उन्हें चेन्नई स्थित प्रतिष्ठित कंपनी में प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी की पेशकश प्राप्त हुई है। उन्होंने पूर्व में आईआईटी मंडी और आईआईटी मद्रास में भी चयन प्राप्त किया था।

## आक्रोश : व्यवस्थित योजना के अभाव का व्यापार पर पड़ रहा सीधा असर

# बेकाबू यातायात पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं बाजार में संकट बढ़ा, व्यापारियों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-भाटापारा जिला का मुख्यालय बलौदाबाजार नगर, जो वर्षों से एक प्रमुख थोक व्यापारिक केंद्र के रूप में पहचान बनाए हुए है, आज यातायात विभाग की असमंजसपूर्ण कार्यवाहियों के कारण व्यापारिक संकट के दौर से गुजर रहा है। जिले के ग्रामीण अंचलों, कस्बों और छोटे बाजारों की आवश्यकताओं को वर्षों से पूरा कर रहा यह बाजार अब ग्राहक और व्यापारी दोनों के विश्वास से दूर होता जा रहा है।

व्यापारियों का आरोप है कि यातायात विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाहियाँ न तो पूर्व सूचना के साथ होती हैं और न ही उसमें व्यापारिक गतिविधियों का ध्यान रखा जाता है। इस कारण बाजार में अव्यवस्था फैल जाती है, ग्राहक परेशान होते हैं और ग्रामीण व्यापारी बलौदाबाजार की बजाय रायपुर, बिलासपुर जैसे वैकल्पिक बड़े बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं।

### व्यापारियों की मांग – संवाद, समन्वय और समाधान

व्यापारियों ने प्रशासन से यातायात विभाग और व्यापार संघों के बीच समन्वय स्थापित करने की मांग की है। उनका कहना है कि योजना बद्ध, जागरूकतापूर्ण कार्यवाही की जाए और केवल चालानी कार्रवाई पर निर्भर न रहा जाए। व्यापारी वर्ग चाहता है कि प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर बलौदाबाजार के थोक व्यापार को बचाने और पुनः सशक्त करने के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए।





### ग्राहकों की संख्या घटी

ग्राहकों की संख्या लगातार घट रही है। लोग अब पलारी और लवन जैसे छोटे बाजारों से खरीदारी कर रहे हैं। अगर स्थिति नहीं सुधरी, तो व्यापारी मजबूरी में व्यापार समेटने को विवश हो जाएंगे।

-अतुल केसरवानी (किराना व्यापारी)

### स्थानीय व्यापारियों ने जताई चिंता



हमारे ग्राहक ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं। जब वे ही नहीं पहुंच पा रहे, तो हम व्यापार कैसे करेंगे? यातायात विभाग की कार्यवाही अराजकता फैला रही है। समन्वय की कमी साफ दिखती है।

- विकास गंभीर (ऑटो पार्ट्स व्यापारी)

### व्यापार हो रहा ठप



पुलिस की गाड़ी सड़क पर दिखते ही ग्राहक रास्ता बदल देते हैं। इससे न केवल व्यापार ठप हो रहा है, बल्कि उल्टे दिशा में लौटने से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

- उमेश अग्रवाल (मोटर साइकिल डीलर)

### दहशत न फैलाएं



हमारा कारोबार ग्रामीण निर्माण कार्यों पर निर्भर है। पुलिस को चाहिए कि वे शुद्ध रूप से चेतावनी और दस्तावेज पूर्ण कराने की प्रक्रिया अपनाएं, ना कि दहशत फैलाएं।

-आशुतोष अग्रवाल (छड़ एवं सीमेंट व्यापारी)

### कार्रवाई का डर



ग्रामीण ग्राहक कार्रवाई के डर से अब बाजार आना ही बंद कर चुके हैं। पिछले दो वर्षों में 30 से 35 प्रतिशत तक बिक्री में गिरावट आई है।

-धीरज सोनी (ज्वेलरी शॉप

# गिरौदपुरी शासकीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरौदपुरी में इस वर्ष कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 10वीं का परिणाम 95.77 प्रतिशत जबकि कक्षा 12वीं का परिणाम 96.21 प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता को दर्शाता है।

कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान पर सेवती डडसेना 95%, दूसरे स्थान पर द्वितीय स्थान पर भामनी सोनवानी 92.5% और सोमदेव सोनवानी 84.83% के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर छाया पटेल 82.6%, दूसरे स्थान पर गोपाल डडसेना 80.4% और लक्ष्मी कर्ष 72.6% के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### स्कूल में उत्साह और हर्ष का माहौल

विद्यालय के प्राचार्य एन.एल. दिव्य ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों में इस सफलता को लेकर भारी उत्साह और हर्ष का माहौल है। विद्यालय ने यह सिद्ध किया है कि निरंतर परिश्रम, उचित मार्गदर्शन और अनुशासित अध्ययन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### जैविक कृषि को बढ़ावा देने हुई विशेष गोष्ठी

**महासमुंद।** पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मिलाराबाद में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसने गांव के कृषकों के मन में नई चेतना और उत्साह का संचार किया। इस गोष्ठी की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के जैविक कृषि संबंधी उद्बोधन को लाइव प्रसारण के माध्यम से किसानों ने सुना, जिससे उनके मन में जैविक खेती को लेकर संभावनाए तथा सरकार के सकारात्मक उद्बोधन से प्रभावित होकर संपूर्ण ग्राम के किसानों ने वर्ष 2025 में लगभग 200 एकड़ भूमि पर जैविक खेती करने का संकल्प लिया।

# संगठित व असंगठित मजदूरों के अधिकारों की रक्षा हेतु सदैव रहूंगी तत्पर : धनेश्वरी वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जानकी मार्कण्डेय ने बलौदाबाजार जिले में संगठनात्मक मजबूती और महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए धनेश्वरी वर्मा को महिला विंग बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष केके वर्मा की अनुशंसा तथा प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा और प्रदेश सचिव बृजेश पांडे की सहमति से की गई।



■ धनेश्वरी वर्मा बनीं मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष

नव नियुक्त जिला अध्यक्ष धनेश्वरी वर्मा ने कहा कि वे जिले के संगठित एवं असंगठित मजदूरों के हितों की रक्षा, उनके अधिकारों की आवाज बुलंद करने और यूनियन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए संगठन को मजबूत करने हेतु निष्ठापूर्वक कार्य करेंगी। उन्होंने कहा, /"बलौदाबाजार जिले में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमेंट कंपनियों की भरमार है, जहां मजदूरों के शोषण की घटनाएं आम हैं। इन अन्यायों के खिलाफ हम संगठित होकर प्रभावी संघर्ष करेंगे।

**साथियों ने दी शुभकामनाएं:** धनेश्वरी वर्मा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रेमलाल ध्रुव, क्रांति वर्मा, सुनील साहू, शरद वर्मा, पिंटू साहू, रामेश्वरी साहू, त्रिवेणी वर्मा, गीताबाई यादव, रितेश वर्मा, विजय वर्मा, कृपाराम साहू, चंद्रकला वर्मा, गया राम यादव, प्रवीण कुर्रे सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। यह नियुक्ति जिले में ट्रेड यूनियन आंदोलन को नई ऊर्जा देने के साथ ही महिला नेतृत्व को सशक्त बनाएगी।

# बोर्ड परीक्षा में शाश्वत स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में शाश्वत स्कूल, बलौदाबाजार के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, जिला एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है।

कक्षा 12वीं की छात्रा लुभी साहू ने 97% अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 10वीं में प्रिंसी वर्मा ने भी 97% अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त कक्षा 12वीं के अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में तनु साहू (94.6%), कृषिका फेकर (91%), पायल साहू (91%), कनिष्का यादव (90.8%) सम्मिलित हैं। कक्षा 10वीं से सतीश राय (96.3%), वसुंधरा साहू (96.01%), तुषार जांगड़े (95.3%), हिमानी पटेल (94.5%), मानसिक कुर्रे (93%), अनिषा ध्रुव (92%), सायरा चतुर्वेदी (91.8%), वंदना देवांगन (90.8%) और माही सोनी (90.3%) ने भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

**शत-प्रतिशत परिणाम और सामाजिक प्रतिबद्धता:** इस वर्ष शाश्वत स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं के 170 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। स्कूल के संचालक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं और भविष्य के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। शाश्वत स्कूल बलौदाबाजार जिले का एकमात्र ऐसा शैक्षणिक संस्थान है जो आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की विशेष सहायता करता है, जिससे कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे। आगामी सत्र 2025-26 से रिसदा, लटुवा, कुकुरडीह, बम्हनमुड़ी एवं पनगांव जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि सभी छात्र-छात्राएं सुगम और निःशुल्क आवागमन का लाभ ले सकें।

### अंचल के विद्यालय में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरखोर टॉप पर

**मुंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरखोर का बोर्ड परीक्षा परिणाम विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विगत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष उत्कृष्ट परिणाम आया है। जिसमें कक्षा 10वीं में कुमारी नीलम नारंगे पिता दिलीप नारंगे ने 97.33 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय एवं क्षेत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं शिक्षक, माता-पिता को गौराविन्त किया है। कक्षा 12वीं में भावना साहू पिता शिवशंकर साहू ने 90.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर जगह बनाई है। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में दूसरा स्थान संजना पटेल 83.16 प्रतिशत, समीर जांगडे 82, हिमेश कैवर्त्य 77.33, किरण चेलक 76.33 प्राप्त किया है। इन सभी विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम पर विद्यालय के प्राचार्य किशोर साहू, व्याख्यातागण मातादीन साहू, योगेन्द्र कुमार सोनवानी, रामेश्वर प्रसाद साहू, विजय कुमार, गोविन्द कुमार, चित्रा देवी बर्मन, वन्जुला टण्डन, रचना साहू, हरिशंकर साहू, बुधवंतीन डहरिया, शशिकला धीवर सहित ग्रामीणों में सरपंच मोहन बंजारे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष अंतराम साहू, दिलीप नारंगे, शिवशंकर साहू, शांति बाई कोसले, मनोज कुमार साहू समेत समस्त ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### सशिमं विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, छात्रों ने बढ़ाया नगर का गौरव

**भाटापारा।** स्थानीय स.शि.मं. के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख संजय तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत तथा 10वीं कक्षा में 73 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफलता प्राप्त करने में सफल रहे। कक्षा 12वीं में कुल 19 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें भारती यादव ने सर्वाधिक 92.6 प्रतिशत, महक शर्मा ने 87.4, रेशमी ने 84.4, वीणा साहू ने 83.6, कुलेश्वर और प्राप्ति देवांगन ने 79.8, सिद्धांत साहू ने 79.2 तथा संजू साहू ने 76.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं, कक्षा 10वीं में 18 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रमुख रूप से नुपुर यादव ने 88 प्रतिशत, इशिका चक्रधारी ने 87.1, चंद्रकांत पाल एवं प्रीति साहू ने 81.6, तथा सेजेन्द्र साहू ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर को गौरवांवित किया। इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर स्वामी विवेकानंद शिक्षण समिति के व्यवस्थापक अनिल जैन, मोहनलाल शर्मा एवं समिति के सभी सदस्यों ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### यशस्वी बनीं गांव की शान, मेहनत व लगन से रचा कीर्तिमान



**पलारी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12 वी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोड़ा की छात्रा येजश्वी वर्मा ने 89.6% गणित विषय में प्रथम स्थान पर रही, येजश्वी वर्मा के पिता ओमप्रकाश वर्मा शिक्षक पिता, विद्या वर्मा ग्रहणी एवं दादा डीआर वर्मा सेवानिहल प्रधान पाठक है। इनकी सफलता माता-पिता के साथ ही प्राचार्य डी के साहू एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलेंद साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, ग्राम पंचायत गोड़ा सरपंच उषा जागेश्वर धीवर, उपसरपंच नोहर वर्मा एवं ग्रामीण पंच समिति ग्राम विकास समिति के सदस्यों की उच्च भविष्य की कामना करते हैं।

# कला जत्था की सांस्कृतिक प्रस्तुति से ग्रामीण हुए जागरूक



**अर्जुनी ।** ग्राम पंचायत अर्जुनी, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा में जल संरक्षण और जल जीवन मिशन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु शनिवार 11 मई को बाजार चौक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कला जत्था की टीम ने छत्तीसगढ़ी लोक गीतों के माध्यम से ग्रामीणों को जल की महत्ता, संरक्षण के उपाय और जल जीवन मिशन की मूल अवधारणाओं से अवगत कराया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पानी की हर बूंद की कीमत और भविष्य के लिए इसके संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अर्जुनी के उपसरपंच विष्णु साहू, पंच सुखराम ध्रुव, भोला यदु, विजय वर्मा, जीवन साहू, कला जत्था की पूरी टीम और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष ने की मीना बाजार का शुभारंभ

**महासमुंद।** स्थानीय दादा बाड़ा मैदान में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मीना बाजार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने कहा कि एक ही स्थान पर जरूरत की सारी चीजें तथा बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन मीना बाजार में उपलब्ध रहेगा तथा लोगों को परिवार सहित एक बेहतर वातावरण मिलेगा।



## खबर संक्षेप

### विवाद के दौरान महिला ने पति से मारपीट की

**महासमुंद।** झलप में विवाद के दौरान एक महिला ने अपने पति से मारपीट कर दी। प्रार्थी मनदीप सिंह खनूजा ने पटेवा पुलिस को बताया कि 9 मई की रात करीबन 11 बजे कटहल फल को फेंकने एवं बच्चे को अपने चाचा से मिलने की बात पर से उसका पत्नी अरविन्दर कौर के साथ विवाद हो रहा था। इस दौरान प्रार्थी की पत्नी गाली गलौज करने लगी, जिसे मना करने पर गैस चूल्हा बर्तन स्टैंड से मारपीट किया, जिससे सिर से खून बहने लगा। आवाज सुनकर प्रार्थी के पिता कुलवंत सिंग खनूजा, बड़े भाई हरमीत सिंग उर्फ लक्की खनूजा, छोटा भाई जसप्रीत सिंग उर्फ करण खनूजा वहां आए, जिनके साथ भी भी आरोपी महिला ने गाली गलौज किया। रिपोर्ट पर आरोपी महिला के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कार की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**महासमुंद।** बागबाहरा रोड में यातायात कार्यालय के पास एक बुजुर्ग को कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस को घायल के पुत्र उत्तम सिन्हा ग्राम भलेसर ने बताया कि उसके पिता मोहन सिन्हा (उम्र 57 वर्ष) शनिवार को अपने निजी कार्य के चलते महासमुंद पहुंचे थे। बागबाहरा रोड में यातायात कार्यालय के पास स्थित पतंजलि दुकान एवं आरके ब्रिक्स दुकान के पास बागबाहरा रोड में करीब 8 से 8.30 बजे के बीच में एक कार चालक ने बहुत ही तेजी से लापरवाही पूर्वक अपने वाहन को चलाकर उसके पिता को टक्कर मार दी, जिसमें बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई। प्रार्थी ने मामले में आरोपी कार क्रमांक सीजी 04 पीवाय 6352 के चालक के खिलाफ कोतवाली में शिकायत की है, जिस पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### खेत से मोटर पंप, केबल और पाइप चोरी मामला दर्ज

**पिथौरा (ग्रामीण)।** थाना क्षेत्र के ग्राम खैरखुटा में खेत से मोटर पंप, केबल तार और पाइप चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में पीड़ित किसान कुबेर बारिक ने थाना पिथौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रात में उनके खेत से दो एचपी का मोटर पंप, करीब 100 फीट का केबल तार और 200 फीट का लपेटा पाइप चोरी कर लिया गया। चोरी की जानकारी किसान को चार दिन बाद मिली। जिसमें पाटनदादर निवासी त्रिलोचन भोई ने पीड़ित को जानकारी दी कि चोरी किया गया सामान बेचने की कोशिश की जा रही है। पाटनदादर निवासी जयलाल यादव पिता बैसाखू यादव ने उक्त सामान बेचने के लिए रखा है। ग्राम पंचायत के पंचों द्वारा सामान की पहचान की गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि वह कुबेर बारिक का ही है। 8 मई को गांव में एक बैठक बुलाई गई, जिसमें आरोपी जयलाल यादव को उपस्थित होने के लिए कहा गया, लेकिन वह नहीं पहुंचा और फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पिथौरा थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी फरार है। मामले की जांच एएसआई सिकंदर भोई कर रहे हैं।

### कोडार में समाधान शिविर आज

महासमुंद। जिले में सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 मई से अब तक जिले में 12 समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। आगामी समाधान शिविर 12 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोडार ग्राम पंचायत कौंवाझर में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 13 मई को 4 स्थानों पर शिविर आयोजित है। जिसमें पिथौरा विकासखंड अंतर्गत पिरदा हाईस्कूल भवन में, बसना अंतर्गत ग्राम बरोली पूर्व माध्यमिक शाला में, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिर्रीपठारीमुडा में तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत हाई स्कूल सिंघोड़ा में समाधान शिविर का आयोजन होगा।

# ससहा में भगवान अर्धनारीश्वर की मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा

## माँ शीतला सेवा समिति की अगुवाई में भव्य आयोजन की तैयारियाँ पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम ससहा में माँ शीतला सेवा समिति द्वारा भगवान अर्धनारीश्वर की भव्य मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 10 से 12 मई 2025 तक किया जा रहा है। इस विशेष धार्मिक आयोजन में विभिन्न अनुष्ठानों, पूजा-पाठ, हवन और भजन संध्या जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

समिति अध्यक्ष नोहर फेकर ने बताया कि आयोजन की तैयारियां पूरी श्रद्धा और समर्पण भाव से की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को भक्ति और सांस्कृतिक वातावरण का अनुभव हो सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की। आयोजन स्थल शिव मंदिर के समीप एक विशाल एवं सुगम स्थान पर निर्धारित किया गया है। उपसरपंच बाला राम साहू और समिति सचिव दयानंद धीवर ने बताया कि आयोजन स्थल को सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने का विशेष ध्यान रखा गया है। आयोजन की सफलता के लिए समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

- समारोह का समापन किया जाएगा आज
- श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल



### सामाजिक समरसता को मजबूत करेगा उत्सव

समिति के प्रमुख सदस्यों में पंडित राजकुमार शर्मा, दुर्गेश नारायण शर्मा, मानकुवार, जमुना, पुष्पा, राधा, कांति, दूरपत, जानकी, देवकी, सुमन, ममता और नर्मदा सहित अनेक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं। इस आयोजन में ससहा सहित आसपास के गाँवों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को भी मजबूती प्रदान करेगा।

## ग्रामीणों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से की ट्रेनों के पुनः संचालन की अपील

# हथबंद स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की बहाली की मांग तेज, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हथबंद में लंबे समय से बंद पड़ी ट्रेनों के पुनः संचालन और पूर्ववत हथबंद स्टेशन पर रुकवाने की मांग को लेकर हथबंद रेलयात्री सलाहकार संघ व ग्रामीण यात्रियों ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, डॉ. उत्तम विश्वास, कल्याण ध्रुव, लक्ष्मीनारायण सोनी, उपासना साहू, भावेश साहू, सुभाष सरकार सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, टाटा-इतवारी पैसेंजर और गेवरा रोड-रायपुर मेमो जैसी ट्रेनों को पुनः चालू कर हथबंद रेलवे स्टेशन पर पूर्व की तरह ठहराव बहाल करने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान इन ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था, जो अब तक बहाल नहीं हो सका है।

## कोविड के बाद बंद पड़ी ट्रेनों ने बिगाड़ा ग्रामीणों का जनजीवन



### रेलवे प्रशासन को पूर्व में दी जा चुकी है जानकारी

हथबंद रेलयात्री संघ के सदस्यों ने बताया कि इस संबंध में रेलवे प्रशासन को पूर्व में कई बार ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल से आग्रह किया कि वे रेलवे मंत्रालय स्तर पर हस्तक्षेप कर ट्रेनों का ठहराव जल्द से जल्द पुनः शुरू करवाएं। सांसद श्री अग्रवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस विषय को गंभीरता से लेकर संबंधित विभाग से बात करेंगे और हथबंद स्टेशन पर पूर्ववत ट्रेनों का ठहराव बहाल करवाने का प्रयास करेंगे। अब क्षेत्र के हजारों लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि आखिर कब से बंद पड़ी ट्रेनें फिर से हथबंद स्टेशन पर रुकेंगी और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।

### 24 गांवों की रोजी-रोटी पर संकट

हथबंद रेलवे स्टेशन के लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित लॉवर, डोगरिया, मनोहरा, अकलतरा, मोटयारीडीह, मोहभट्ठा, खिलोरा, धोधा, उड़ेला, पोसरी, नयापारा, नेवधा, रिंगनी, केसदा, कुकराचुड़ा, मुड़पार, बिलाईडबरी, जांगड़ा, भैंसा, करेली, खपरीकला सहित लगभग 24 गांवों के लोग इस स्टेशन से प्रतिदिन यात्रा करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रेनों के बंद होने से कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं, शिक्षक, मजदूर, दूध विक्रेता और दैनिक यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रोजगार और व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं, जिससे इन गांवों का जनजीवन प्रभावित हुआ है।

# गर्मी में जल संकट से मिली राहत




**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** सेनानी गौरव ग्राम रावन, जिसकी आबादी लगभग 5000 है, भीषण गर्मी के चलते गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहा था। इस विकट समस्या के समाधान के लिए ग्राम के जनप्रतिनिधियों द्वारा सक्रिय पहल की गई।

ग्राम रावन के सरपंच अमर सिंह नेताम, उपसरपंच टाकेश्वर प्रसाद वर्मा, जनपद सदस्य संजू पूर्णिमा लहरी तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मालिक राम, पुरन वर्मा आदि ने दिनांक 20 मार्च 2025 को एचआर हेड करन मिस्त्री एवं महाप्रबंधक संजीव मिश्रा से संपर्क कर ग्राम में पेयजल संकट की गंभीरता से अवगत कराया।

- पेयजल संकट में जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से गांव को मिली राहत

प्रशासनिक पहल और समन्वय के फलस्वरूप अल्ट्राटेक प्रबंधन द्वारा तत्परता से दो टैंकरों द्वारा प्रतिदिन आठ ट्रिप जल आपूर्ति प्रारंभ की गई, जो आज तक निरंतर जारी है। साथ ही, बाजार चौक में 500 फीट गहरा बोर खनन कर उसमें पंप सेट की भी स्थापना की गई, जिससे नियमित जल आपूर्ति सुचारु रूप से हो रही है।

इस सकारात्मक पहल से ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिली है। ग्राम रावन के समस्त नागरिकों ने एचआर हेड करन मिस्त्री और अल्ट्राटेक प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी सहयोग की आशा व्यक्त की है।

# हथबंद में लगी भव्य सुशासन संध्या चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

राज्य शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत हथबंद, जनपद पंचायत सिमगा, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा में रविवार संध्या को पंचायत बाजार चबूतरा में सुशासन तिहार के अंतर्गत सुशासन संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत हथबंद की सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत रहीं। विशेष अतिथि के रूप में पंचगण मूलचंद टंडन, सविता गायकवाड़, सुखबती ध्रुव, संतराम ध्रुव, विनय शुक्ला तथा स्थानीय ग्रामीणजन संतूराम, प्रकाश पाल (पूर्व पंच), अवध राम (सरपंच प्रतिनिधि) एवं नरेश कुमार अनंत उपस्थित रहे।

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दी गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प-गुच्छ अर्पण, गुलाल, अगरबत्ती व नारियल तोड़कर विधिवत रूप से किया गया। सिमगा से आई कला जत्था टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मितानिन दीदियों ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। वहीं थाना हथबंद के प्रभारी अधिकारी ने पुलिस विभाग की भूमिका व ग्रामीणों के अधिकारों से अवगत कराया। संध्या चौपाल के दौरान जल संरक्षण पर विशेष बल देते हुए सभी उपस्थितजनों को जल स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत सचिव कमल किशोर ने उपस्थित सभी अतिथियों व ग्रामीणजनों का आभार प्रकट करते हुए पंचायत में स्वीकृत निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। अंत में सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत की अनुमति से कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

# छत्तीसगढ़ सरकार का सुशासन उत्सव जारी जनता बेहाल, रिश्वत बना व्यापार : सुरेंद्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने राज्य सरकार पर सुशासन के नाम पर दिखावा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 'सुशासन उत्सव' मना रही है, जबकि प्रदेश की जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है और भ्रष्टाचार चरम पर है।

- डिजिटलीकरण में गड़बड़ियों का आरोप, किसान हो रहे परेशान
- नीतियों में नहीं, नीयत में है खोट

शर्मा ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन के स्तर पर सिर्फ आवेदन अग्रेषित कर देना ही कार्य सम्पन्न मान लिया जाता है। अधिकारीगण शासन को गुमराह कर रहे हैं या फिर सरकार में बैठे लोग ही जानबूझकर जन समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। राजस्व अभिलेखों के डिजिटलीकरण को सुरेंद्र शर्मा ने सरकार का अच्छा निर्णय बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि इस प्रक्रिया में जानबूझकर लाखों गलतियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण द्वारा ऑनलाइन डाटा गलत अपलोड किया गया है, जबकि इसका खामियाजा किसान भुगत रहे हैं। किसान आवेदन भी दे रहे हैं, रिश्वत भी दे रहे हैं और कार्यालयों के चक्कर भी काट रहे हैं।

शर्मा ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका स्वयं का मामला कई महीनों से लंबित है और वे ऐसे कई किसानों को जानते हैं जो इसी व्यवस्था से परेशान हैं। जब तक शासन-प्रशासन की नीयत साफ नहीं होगी, तब तक समस्याओं का समाधान संभव नहीं है।

नामांतरण प्रक्रिया के संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार ने पंजीयन के साथ ही नामांतरण की घोषणा तो की है, लेकिन भुगतान बाधित होने पर क्या व्यवस्था है, इसका कोई स्पष्ट उत्तर नहीं है। इससे पहले खरीदार दफ्तरों के चक्कर लगाता था, अब विक्रेता को भी यही झेलना पड़ रहा है।

### सुशासन हर नागरिक की अपेक्षा



शिक्षा व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा आरंभ किए गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों की योजना राज्य के हित में थी। आज भी मेधावी छात्रों की सूची में अधिकांश विद्यार्थी इन्हीं स्कूलों से हैं। ऐसी जनहितकारी योजना को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, न कि हतोत्साहित। अंत में सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि सुशासन हर नागरिक की अपेक्षा है, लेकिन केवल प्रचार तंत्र से सुशासन नहीं लाया जा सकता। जब तक आम नागरिक को समय पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, फौती, बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण, अभिलेख सुधार, अस्पताल में इलाज, पुलिस थानों में सुनवाई, शिक्षा में समान अवसर, और अपराध पर नियंत्रण जैसी सुविधाएं नहीं मिलेंगी, तब तक सुशासन केवल एक दिखावा बना रहेगा। हमारा यही आग्रह है कि प्रदेश में वास्तविक शांति, सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित हो।

# सशिमं विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, छात्रों ने बढ़ाया नगर का गौरव

**भाटापारा।** स्थानीय स.शि.मं. के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख संजय तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत तथा 10वीं कक्षा में 73 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफलता प्राप्त करने में सफल रहे। कक्षा 12वीं में कुल 19 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें भारती यादव ने सर्वाधिक 92.6 प्रतिशत, महक शर्मा ने 87.4, रेशमी ने 84.4, वीणा साहू ने 83.6, कुलेश्वर और प्राप्ति देवांगन ने 79.8, सिद्धांत साहू ने 79.2 तथा संजू साहू ने 76.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं, कक्षा 10वीं में 18 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रमुख रूप से नुपुर यादव ने 88 प्रतिशत, इशिका चक्रधारी ने 87.1, चंद्रकांत पाल एवं प्रीति साहू ने 81.6, तथा सेजेन्द्र साहू ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर को गौरवांवित किया।

### आत्मानंद स्कूल में महक प्रथम, अग्रवाल समाज ने किया सम्मान

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा महक गर्ग पुत्री (राजेश, मोनी अग्रवाल) ने 97.33 प्रतिशत लाकर स्कूल में प्रथम और महासमुंद जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सेवाशंकर एवं कमल किशोर अग्रवाल ने महक को पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया।

## धर्म, भक्ति और वैराग्य की गंगा में डूबे श्रद्धालु

# शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ, निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भरूवाडीह/सैहा/गुमा

ग्राम ठेलकी में दूधाधारी मठ के प्रांगण में स्वर्गीय मिलऊराम दरियाखड़ एवं पूर्वजों की पुण्य स्मृति में एक सप्ताहीय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन माँ लीला बाई वर्मा के आशीर्वाद एवं आयोजकगण खिलावन वर्मा एवं श्यामा देवी वर्मा द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है।

इस पावन अवसर की शुरुआत दशहरा मैदान से निकली भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा दर्री तालाब से पवित्र जल भरकर गाँव भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर होते हुए कार्यक्रम स्थल दूधाधारी मठ पहुंची। कार्यक्रम में सैहा निवासी विद्वान पंडित रविकांत तिवारी ने अपनी अमृतवाणी से धर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की गंगा प्रवाहित की। कलश यात्रा के उपरांत देवराज चंचुला प्रसंग के साथ शिव महापुराण कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस



आध्यात्मिक आयोजन से ग्रामवासियों में उल्लास, श्रद्धा और भक्ति का भाव देखने को मिला। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है, जहाँ प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु ग्रामीण जन एवं आसपास के श्रद्धालु एकत्र हो रहे हैं।

### मोहरा में 22 मई से होगा श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह

**हिरमी रावन।** रामनगर क्षेत्र के मोहरा गाँव स्थित संडी रोड पर 22 मई से 30 मई 2025 तक श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न किया जाएगा। कथा वाचन का सौभाग्य प्रख्यात भागवताचार्य पं. नंदकुमार शर्मा जी को प्राप्त होगा, जो प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। 22 मई को श्रीगणेश पूजन एवं श्रीराम जन्मोत्सव के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 23 मई को श्रीकृष्ण जन्म व पूतना वध, 24 मई को गोवर्धन लीला व बाल लीलाएं, 25 मई को रासलीला व उद्धव संवाद, 26 मई को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, 27 मई को विवाह उत्सव व भक्त चरित्र, 28 व 29 मई को श्रीशुकदेव-राजा परीक्षित संवाद व गीता ज्ञान प्रस्तुत किया जाएगा। 30 मई को पूर्णाहुति, हवन और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। निज निवास श्री सनत वर्मा जी, संडी रोड, रामनगर, मोहरा पर आयोजित इस कथा महोत्सव में सभी श्रद्धालु, धर्मप्रेमी एवं ग्रामवासी सपरिवार आमंत्रित हैं। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन प्रसाद व स्वल्पाहार की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

# गायत्री परिवार ने घर-घर जाकर यज्ञ-हवन के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

ग्राम में मुडपार बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा परंपरागत रूप से इस वर्ष भी गृह-गृह यज्ञ हवन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम ग्राम मुड़पार में दिनांक 11 एवं 12 मई को दो दिनों तक आयोजित किया जाएगा। गायत्री परिवार के सदस्यों ने घर-घर जाकर हवन हेतु सांकला वितरित किए और ग्रामीणों को यज्ञ-हवन में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यज्ञ हवन से न केवल घर का वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि इससे स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है और मानसिक शांति की अनुभूति होती है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक, सामाजिक एवं वैश्विक शांति की कामना करना है। गायत्री परिवार ने सभी ग्रामीणों से आह्वान किया है कि वे अपने-अपने घरों में यज्ञ-हवन संपन्न कर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।